बैठे हो क्यों ओ सांवरे हमसे निगाहें फेर कर भजन लिरिक्स

बैठे हो क्यों ओ सांवरे,
हमसे निगाहें फेर कर,
कुछ तो इशारा कीजिये,
अपने गले लगाइये,
गलती हमारी भूल कर,
अपनी शरण में लीजिये,
बैठे हो क्यों ओ साँवरे,
हमसे निगाहें फेर कर,
कुछ तो इशारा कीजिये।bd।

तर्ज – जाने कहाँ गए वो दिन।

मेरा वजूद कुछ नहीं,
तेरे बिना ओ सांवरे,
पायी है धुप में सदा,
मैंने तुम्ही से छाँव रे,
बैठे हो क्यों ओ साँवरे,
हमसे निगाहें फेर कर,
कुछ तो इशारा कीजिये।bd।

कल भी तुम्हारी आस थी,
अब भी तुम्हारी आस है,
जग की गरज मैं क्यों करूँ,
जब तू हमारे पास है,
बैठे हो क्यों ओ साँवरे,
हमसे निगाहें फेर कर,
कुछ तो इशारा कीजिये।bd।

पुतले हैं पाप के प्रभु,
आखिर तो हम इंसान हैं,
क्या है गलत और क्या सही,
'माधव' हमें ना ज्ञान है,
बैठे हो क्यों ओ साँवरे,
हमसे निगाहें फेर कर,
कुछ तो इशारा कीजिये।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बैठे हो क्यों ओ सांवरे,
हमसे निगाहें फेर कर,
कुछ तो इशारा कीजिये,
अपने गले लगाइये,
गलती हमारी भूल कर,
अपनी शरण में लीजिये,
बैठे हो क्यों ओ साँवरे,
हमसे निगाहें फेर कर,
कुछ तो इशारा कीजिये।bd।

Singer – Nisha Soni

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com